


हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

सोमवार 11 मई 2026 बर्ष 02 अंक 124 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

*लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, हिंदी प्रेरणा लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं। हार तो वो सबक है, जो आपको बेहतर होने का मौका देगी।*

# मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर राजगीर जू सफारी में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

## भीड़ नियंत्रण, पेट्रोलिंग एवं फायर सेफ्टी पर विशेष फोकस, वन विभाग एवं जू सफारी प्रशासन सक्रिय

**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजगीर जू सफारी परिसर में एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता श्री राम सुन्दर एम., निदेशक, राजगीर जू सफारी तथा राजकुमार एम०, वन प्रमंडल पदाधिकारी, नालन्दा वन प्रमंडल द्वारा की गई। बैठक में राजगीर जू सफारी एवं नालन्दा वन प्रमंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सहभागिता करते हुए आगामी मलमास मेला के दौरान संभावित अत्यधिक भीड़, सुरक्षा प्रबंधन एवं पर्यटक सुविधाओं को लेकर विस्तृत विचार–विमर्श किया। समीक्षा बैठक के दौरान जू सफारी, नेचर सफारी, जेपी उद्यान, सोन भंडार, मनीयार मठ, जरासंध अखाड़ा, वेणुवन, घोड़ा कटोरा एवं विश्व शांति स्तूप के पास भीड़ नियंत्रण एवं प्रबंधन, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा उपाय, यातायात समन्वय तथा पर्यटकों की सु. विधा एवं सुरक्षा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए फायर सेफ्टी एवं त्वरित राहत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निदेश दिए गए। पदाधिकारियों ने संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों को निदेशित किया कि मेला अवधि के दौरान जू सफारी परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में निरंतर निगरानी, सुरक्षा कर्मियों की प्रभावी तैनाती एवं समन्वित कार्य प्रणाली सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा का



सामना न करना पड़े।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वन्यजीव सुरक्षा एवं पर्यटक सुविधाओं से संबंधित सभी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। साथ ही, मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने हेतु सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा।



# 1978 से मलमास में सेवा देती आ रही है अस्थायी पटेल धर्मशाला

## मलमास मेला के दौरान पटेल धर्मशाला में होगी रहने व खाने की बेहतर व्यवस्था – मंत्री श्रवण कुमार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला के दौरान राजगीर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी पटेल धर्मशाला खोला जायेगा। इसमें हर धर्म व समाज के लोगों के लिए रहने व खाने की व्यवस्था होगी। धर्मशाला को बेहतर तरीके से चलाना है। मलमास मेला 17 मई से शुरू होगी। धर्मशाला भी ला. `गों के लिए 17 मई से चालू कर दिया जायेगा। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देनी होगी। ये बातें ग्रामीण विकास सह सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार को धुर्वा मोड़ के पास स्थित ममता होटल में मेला में खोली जानी वाली अस्थायी पटेल धर्मशाला की तैयारी बैठक में कहीं। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में मलमास मेला को बेहतर से बेहतर रूप देने का काम किया था। इस बार भी एनडीए की सरकार में मेला को बेहतर बनाया जा रहा है। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर तरह की सुविधा मुहैया करायी जायेगी। मंत्री ने कहा कि राजगीर में 1978 से धर्मशाला खोला जा रहा है। हर बार मेला में लोगों के लिए ठहरने व खाने की व्यवस्था की जाती रही है। मंत्री ने पटेल धर्मशाला से जुड़े लोगों व समाजसेवियों को धर्मशाला संचालन के लिए कमेटी बनाकर काम करने को कहा। धर्मशाला का प्रचार–प्रसार करें। जगह–जगह पर राजगीर से लेकर हिसुआ तक होर्डिंग लगाएं।



सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार करें। इस बार बेहतर से बेहतर व्यवस्था करें ताकि आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। अस्थायी पटेल धर्मशाला में फोन की सुविधा, पानी की सुविधा, खाना की सु. विधा, ठहरने के लिए पर्याप्त कमरों की सुविधा करें। मंत्री ने कहा कि राजगीर को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्व पटल पर उभारने का काम किया है। इस कारण इस मेला में लाखों की संख्या में श्रद्धालु राजगीर आयेंगे। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि धर्मशाला में बेहतर व्यवस्था हो। हर धर्म व समाज के लोग आकर ठहर सकें। वैसे लोगों को जिनको कहीं सहारा नहीं मिला हो उनके लिए धर्मशाला एक बेहतर आश्रय स्थल बन सके। इस मौके पर समाजसेवी सह रोटेरियन रामकृष्णा प्रसाद, रोटेरियन डॉ. बिमलेन्द्र कुमार सिन्हा, किसान रामचन्द्र प्रसाद सिन्हा, जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, जदयू नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, मेयार पैक्स अध्यक्ष अरूण कुमार चंचूल, वार्ड पार्षद मीरा कुमारी, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुमार, रजनी कुमार, अलेन्द्र कुमार सिन्हा, कुमार वेदनिधि, रामजी यादव, तारकेश्वर प्रसाद, अनिल कुमार शशि, देवेन्द्र कुशवाहा, अजीत कुमार वर्मा, किशोरी रविदास, कुमार बिरेन्द्र प्रियदर्शी, अरुण कुमार, सेवानिवृत शिक्षक मन्नु प्रसाद, मनोज कुमार, सेवानिवृत शिक्षक रामचन्द्र प्रसाद, विजय कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



# आठवीं बार मंत्री बनने पर श्रवण कुमार का नूरसराय में ऐतिहासिक स्वागत, जेसीबी से हुई फूलों की बारिश

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** बिहार सरकार में लगातार आठवीं बार ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर वरिष्ठ जदयू नेता श्रवण कुमार का नूरसराय में भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। मंत्री बनने के बाद पहली बार नूरसराय पहुंचने पर जदयू कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार अभिनंदन कर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। जदयू नेता एवं कार्यक्रम संयोजक नवीन कुमार निश्चल के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक एवं आम लोग शामिल हुए। चौहान मोड़ से लेकर नूरसराय बाजार होते हुए अंधना मोड़ तक भव्य रोड शो निकाला गया। इस दौरान करीब दर्जनों जेसीबी मशीनों से मंत्री श्रवण कुमार पर पुष्पवर्षा की गई। सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने फूल–मालाओं से उनका स्वागत किया। रोड शो में बैंड–बाजा, घोड़े, ढोल–नगाड़े और आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बने रहे। कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। "नीतीश–निशांत जिंदाबाद" और "श्रवण कुमार जिंदाबाद" के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। महिला कार्यकर्ताओं की भी बड़ी भागीदारी रही। मंत्री श्रवण कुमार नूरसराय हिलसा मोड़ से कार्यकर्ताओं के साथ पैदल अंधना मोड़ तक पहुंचे और रास्ते भर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे।

रोड शो के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने नालंदा और नूरसराय की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने उन्हें आठ बार विधायक और मंत्री बनने का अवसर दिया है, जिसके लिए वे जीवनभर ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक उनके शरीर में खून का एक कतरा भी रहेगा, तब तक वे बिहारवासियों और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे।इस अवसर पर नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार भी मंत्री श्रवण कुमार के साथ मौजूद रहे। सभा में जदयू के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, लोजपा (रामविलास) जिलाध्यक्ष सतेन्द्र मुकुट, पप्पू कुमार धीरज, रणधीर मुखिया, रजनीश कुमार, पिंकू नेता, प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, बीडीओ जियाउल हक, सीओ दीपक कुमार, समाजसेवी बबलू कुमार, भूषण कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू मुखिया, चंद्रभूषण कुशवाहा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. सुनील दत्त, शैलेन्द्र गराई, राकेश कुमार, अविनाश कुमार उर्फ सिक्कू मुखिया, रामकृष्ण कुमार उर्फ भगवान जी, मुखिया रवि राम, उपेंद्र सिंह, दीपक पासवान, जयंत यादव, बंटू कुमार, शुभम कुमार, प्रशांत कुमार, विकास कुमार, सनी पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही। देर शाम तक नूरसराय क्षेत्र में जश्न और उत्साह का माहौल बना रहा।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# चार साइबर ठग गिरफ्तार, चार धाम यात्रा के नाम पर कर रहे थे ठगी



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के सुंदरपुर में साइबर ठगी करते हुये चार शातिर ठगों को पुलिस ने धर दबोचा। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ये सभी अभियुक्तों द्वारा संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हुए आम जनता को विभिन्न ऑनलाईन माध्यमों से ठगी का शिकार बनाया जा रहा था। पकड़े गये अभियुक्तों में कतरीसराय थाना के सुंदरपुर निवासी अंकित कुमार पिता अमर प्रसाद, बॉबी कुमार पिता रंजीत प्रसाद, सुरज कुमार पिता राजीव रंजन कुमार, अमन कुमार पिता अमर प्रसाद शामिल है। पकड़े गये अभियुक्तों के पास से साइबर अपराध में उपयोग होने वाली उपकरण, मोबाईल फोन, फर्जी सिम कार्ड, बरामद की गई। पूछताछ में एवं जांच में यह बात सामने आई है कि साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल एवं अन्य साईबर अपराध हिमालयन हेली सर्विस के नाम पर चार धाम यात्रा, अन्य एतिहासिक, पौराणिक एवं अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण, दर्शन कराने का प्रलोभन देकर हेलिकॉप्टर, बस, ट्रेन बुक कराने का झासा देकर कुल यात्रा की राशि का 30 प्रतिशत अग्रिम के रूप में वसूल कर ठगी किया जा रहा था। इस संबंध में अभियुक्तों द्वारा भी संलिप्तता की बात स्वीकार की गई है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध कतरीसराय थाना में एफआईआर दर्ज की गयी है। घटनास्थल से फरार आरोपियों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। इस छापेमारी टीम में गिरियक अंचल के पुनि सह अंचल निरीक्षक सुमंत कुमार कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, मुकुंद भारती, संजय दास सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे। डीएसपी ने लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की ऑनलाईन लालच, फर्जी कॉल या संदिग्ध लिंक से सावधान रहें तथा किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर न करें।

# मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट सुरक्षा से लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा तक पर विशेष जोर




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** आगामी मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में 9 मई 2026 को आरआईसीसी राजगीर में जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ मेले की पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। विदित हो कि मलमास मेला 2026 का आयोजन 17 मई से 15 जून 2026 तक राजगीर में किया जाएगा। इस दौरान देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था के केंद्र ब्रह्मकुंड में स्नान एवं पूजा–अर्चना के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं आवासन सहित तमाम व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, शरण स्थली, शौचालय, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, साफ–सफाई, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क, खानपान, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, बैरिकेडिंग, अग्निशमन सुरक्षा, मोबाइल शौचालय एवं श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित शुल्क पर बस और ई–रिक्शा सेवा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी अपने कार्यों का स्वयं निरीक्षण करें और समयबद्ध तरीके से जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मलमास मेला को लेकर पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल, महिला पुलिस एवं स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से भीड़ पर सतत नजर रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर भी प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था एवं पार्किंग स्थलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, स्ट्रेचर, मेडिकल कैंप, आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सूचना केंद्र बनाए जाएंगे, जहां खोए हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने की व्यवस्था रहेगी। वहीं खानपान के लिए कैंटीन, दीदी की रसोई एवं सस्ती रोटी काउंटर की भी व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एआई काउंटर, मोबाइल एप एवं वेबसाइट की भी व्यवस्था की गई है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 19 टेंट सिटी एवं जर्मन हैंगर बनाए गए हैं, जहां आवासन, पेयजल, स्नानागार, शौचालय, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, सुरक्षा व्यवस्था तथा निःशुल्क जूता–चप्पल रखने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रेलवे स्टेशन, मेला थाना, धुनीवर, बस स्टैंड, झुनकिया बाबा, ब्रह्मकुंड घाट, स्टेट गेस्ट हाउस, सैनिक स्कूल, महाराजा होटल, गढ़ महादेव, वैतरणी एवं पीएचईडी कैंपस के समीप वाटरप्रूफ यात्री शेड (टेंट सिटी) बनाए गए हैं।




जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ब्रह्मकुंड में प्राकृतिक स्रोतों से आने वाली अविरल जलधारा को बनाए रखने के लिए आसपास के क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए। वहीं वैतरणी घाट की साफ–सफाई, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य को हर हाल में समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। शाही स्नान के दौरान होने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास द्वारों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। बैठक में जू सफारी निदेशक, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, वरीय उप समाहर्ता बैंकिंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित भवन, लघु सिंचाई, विद्युत, पीएचईडी, नगर परिषद एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।







# भाजपा की जिला पदाधिकारी बैठक संपन्न, पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने पर जोर

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला इकाई की मासिक जिला पदाधिकारी बैठक रविवार को मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की। बैठक में आगामी 23 और 24 मई को आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा कार्यक्रम की रणनीति तैयार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में प्रदेश स्तर से प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी के रूप में पहुंचे भाजपा नेता दीपक प्रकाश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण अभियान संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति–नीति, विचारधारा और कार्यशैली को बेहतर तरीके से समझे, इसके लिए यह महाभियान अत्यंत आवश्यक है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप ने किया। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश से आने वाले वरिष्ठ नेताओं द्वारा प्रशिक्षण महाभियान के तहत कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे संगठनात्मक और वैचारिक दृष्टिकोण से अधिक सशक्त होकर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकेंगे।भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम "मन की बात" का प्रसारण नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कार्यक्रम की जानकारी सरल ऐप पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला मंच है, जिसे जन–जन तक पहुंचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, सुधीर कुमार, साबो देवी, डॉ. अशुतोष कुमार, तेज. स्विता राधा, नीरज कुमार डब्ल्यू, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, रंजू कुमारी, योगेंद्र मंडल, राजू माहुरी, आईटी सेल संयोजक अमित शान, जिला प्रवक्ता अमरकांत भारती, प्रवीला देवी, सोनू कुमार हिंदू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रुचि श्रीवास्तव, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी, क्रीड़ा प्रकोष्ठ जिला संयोजक जयराम कुमार यादव, सतीश कुमार, जिला प्रोटोकॉल प्रभारी अमित गौरव, सुभाष कुमार सिंह, छोटे लाल राजवंशी, प्रणव कुमार सिन्हा, अंकित शाही, अविनाश कुमार, आलोक कुमार, ललन कुमार, रौशन कुमार यादव, मनस्वी शर्मा, राहुल कुमार, चंदन कुमार, आलोक रंजन और राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# रेड क्रॉस के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़, 210 मरीजों की हुई जांच



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सा. `साइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर के प्रख्यात चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। शिविर का उद्देश्य गरीब, निसहाय एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना था। स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 210 मरीजों की जांच की गई। शिविर में पहुंचे लोगों ने रेड क्रॉस सोसाइटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आम लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि यह साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को जारी रहेगा। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार ने 30 मरीजों का इलाज किया। वहीं सर्जन डॉ. बा. लमुकुंद ने 20 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 70 मरीजों की आंखों की जांच की। फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मृति कुमारी सिन्हा ने 20 मरीजों का इलाज किया, जबकि फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मो. हम्मद शहजाद आलम ने 20 लोगों को परामर्श दिया। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने भी मरीजों की जांच कर दवा एवं सलाह दी। शिविर में 33 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई। शिविर में उप. स्थित चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें उचित उपचार एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। डॉक्टरों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह भी दी। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार, मोहम्मद अखलाक अहमद सहित कई आजीवन सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आजीवन सदस्यों में बृज बिहारी, चंद्रमणि कुमार, नागेंद्र कुमार, प्रमोद पंडित, एनएम मुस्कान कुमारी, कुणाल गौरव, शंभू कश्यप, साधु श्रम प्रसाद, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, प्रोफेसर स्वधर्म, अधिवक्ता ओम प्रकाश निराला, रविंद्र कुमार, अरुण कुमार तथा संजय कुमार ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों की सेवा भावना और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं।



# बिहार में बड़े स्तर पर आईपीएस अधिकारियों का तबादला, कई वरिष्ठ अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**केशववाणी पटना।** बिहार सरकार के गृह विभाग ने रविवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले और नई पदस्थापनाओं का आदेश जारी किया। गृह विभाग की अधिसूचना संख्या 6149, दिनांक 10 मई 2026 के तहत 16 आईपीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। सरकार की ओर से जारी इस आदेश को पुलिस प्रशासन में बड़े फेरबदल के रूप में देखा जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार, 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. परेश सक्सेना को महानिदेशक–सह–आयुक्त, असैनिक सुरक्षा, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं 1994 बैच के ही आईपीएस अधिकारी निर्मल कुमार आजाद को पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), बिहार, पटना की जिम्मेदारी दी गई है। 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी सुधांशु कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक, विधि–व्यवस्था, बिहार, पटना बनाया गया है। डॉ. अमित कुमार जैन को अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात, बिहार, पटना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं नैयर हसनैन खान को अपर पुलिस महानिदेशक, आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना के पद पर तैनात किया गया है। डॉ. कमल किशोर सिंह को अपर पुलिस महानिदेशक, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, पटना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईपीएस अधिकारी अजिताभ कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे, बिहार, पटना बनाया गया है। वहीं संजय सिंह को अपर पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो एवं आधुनिकीकरण, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया है।1998 बैच के चर्चित आईपीएस अधिकारी ।उपज स्वकीं को अपर पुलिस महानिदेशक (बजट, अपील एवं कल्याण), बिहार, पटना की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक, सुरक्षा, बिहार का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। आईपीएस अधिकारी अमृत राज को अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं एवं संचार, बिहार, पटना बनाया गया है। वहीं श्रीमती कासे सुहिता अनुपम को अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई, बिहार, पटना के पद पर तैनात किया गया है। 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी टपों टंपडीअ को पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र, गया का दायित्व सौंपा गया है। वहीं क्षत्रनील सिंह को विशेष सचिव, गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार, पटना के पद पर पदस्थ. ापित किया गया है। पी. कन्नन को पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजनिंग, बिहार, पटना के साथ आधुनिकीकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रंजीत कुमार मिश्रा को पुलिस महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी), बिहार, पटना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही उन्हें साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं संजय कुमार को पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, बिहार, पटना के पद पर तैनात किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में सभी संबंधित अधिकारियों को शीघ्र योगदान देने का निर्देश दिया गया है। यह अधिसूचना बिहार के राज्यपाल के आदेश से जारी की गई है। पुलिस प्रशासन में हुए इस बड़े फेरबदल को कानून–व्यवस्था, साइबर अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक कार्यक्षमता को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# हरनौत बाजार स्थित एक निजी कोचिंग सेंटर में चंद्रवंशी चेतना मंच नालंदा के द्वारा एकदिवसीय बैठक कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार स्थित पिलर संख्या 46 के पास एक निजी कोचिंग सेंटर में रविवार को चंद्रवंशी चेतना मंच नालंदा के द्वारा एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता चंद्रवंशी चेतना मंच के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में डबल इंजन का सरकार है हर समाज को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है और हमारे चंद्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भीम सिंह के द्वारा भी विकास की धाराएं हर गांव में बह रही है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि चंद्रवंशी समाज आज बहुत खुशी की उनके गांव–गांव में चौपाल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रवंशी समाज की युवा साथियों राजनीतिक में अपना भागीदारी सुनिश्चित करें और लड़कर अपना अधिकार लेकर चंद्रवंशी समाज का गौरव इतिहास को दो. हराने का काम करें। वही इस मौके पर जिला मंत्री राजकुमार चंद्रवंशी,प्रखंड अध्यक्ष रामबरन सिंह चंद्रवंशी, मुन्नाराम, विपिन कुमार उर्फ मुखर्जी नीलम कुमारी ,सुनीता कुमारी एवं दर्जनों चंद्रवंशी समाज के लोग मौजूद थे।

# निगरानी कांड में फंसे तत्कालीन बीडीओ पर शिकंजा प्रशासनिक चूक और धांधली की भी होगी जांच

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार ने भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए गिरियक के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिक. ारी (बीडीओ) पवन कुमार ठाकुर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई तेज कर दी है। निगरानी थाना कांड संख्या 010/2026 दर्ज होने के बाद ग्रामीण विकास विभाग ने नालंदा जिला प्रशासन को विस्तृत आरोप पत्र तैयार कर भेजने का निर्देश दिया है। ग्रामीण विकास विभाग की अपर सचिव मंजु प्रसाद द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि आरोप पत्र में केवल निगरानी कांड से जुड़े आरोप ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक चूक, अनियमितता, धांधली और कदाचार से संबंधित बिंदुओं को भी शामिल किया जाए। यह कार्रवाई सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश के आलोक में की जा रही है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब भ्रष्टाचार के मामलों में केवल ट्रैप या प्राथमिकी दर्ज होने के आधार पर ही कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि संबंधित अधिकारी के कार्यों, निर्णयों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की भी गहन जांच की जाएगी। विभागीय जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि संबंधित अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग तो नहीं किया और सरकारी कार्यों में कहीं अनियमितता तो नहीं बरती गई।निर्देश के अनुसार जिस कार्य में रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है, उसकी अलग से विभागीय जांच कराई जाएगी। साथ ही कार्यालय अभिलेख, सरकारी दस्तावेज, प्री–ट्रैप और पोस्ट–ट्रैप मेमोरेंडम को भी साक्ष्य के रूप में शामिल किया जाएगा। सरकार ने आय से अधिक संपत्ति के मामलों को भी गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों की वार्षिक संपत्ति विवरणी एवं संपत्ति अर्जन से संबंधित अनुमति की जांच कराने का निर्देश दिया है। यदि जांच में किसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभ. ागों, जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और जांच एजेंसियों को निर्देश दिया है कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में समयबद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए जा सकें। सरकार के इस सख्त रुख को प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।




# हरनौत बाजार में हुई गोलीबारी में एफआईआर दर्ज

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के हरनौत बाजार में स्थित आदर्श नगर मोड़ पर शनिवार के शाम फायरिंग हुई थी। बदमाशों ने पिस्तौल निकालकर फायरिंग कर दी थी। घटना के बाद वहां अफरातफरी मची थी। वहीं रविवार के शाम चार बजे एएसआई राधेश्याम यादव समेत थाना के अन्य पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी।एएसआई श्री यादव ने पीड़ीत व्यक्ति के पीड़ीत युवक व आसपास के दुक. ानदार से पुछताछ कि।उनसे घटनाक्रम कि जानकारी ली। गोलीबारी कैसै हुई इसकी भी पूछताछ की। वहीं केस के आईओ एएसआई राधेश्याम यादव ने बताया कि हरनौत बाजार के बीच बाजार मुहल्ला निवासी के सुरेश साव के पुत्र सूरज कुमार ने आवेदन दिया है।घटनास्थल पर पलिस पहुंची थी। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।अनुसंधान जारी है।. प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद का कारण किसी व्यक्ति का गाड़ी छिनाया था। उसको लेकर बहसा–बहसी चल रहा था। जिसमें बीच बाजार के निवासी सूरज भी शामिल था। वहीं पिड़ित व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि किसी बात को लेकर वेना थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव( वर्तमान पता गर्ल्स हाई स्कूल के बगल में डीह पर) के पप्पु यादव के पुत्र अंशु कुमार के साथ बहसा–बहसी हो रहा था। इसी क्रम में अंशु कुमार के द्वारा तीन–चार लड़के को फोन करके हथियार के साथ बुला लिया गया ।जिसमें रजनीश कुमार( सब्जी मंडी), सन्नी कुमार(बीच बाजार), मन्ना कुमार(बिस्कोमान गली),गोलू कुमार(डीह पर )समेत अन्य शामिल थे। जिसमें जान मारने के उद्देश्य से रजनीश, मन्ना एवं अंशु के द्वारा फायरिंग किया गया। जिसमें उसी के टीम में शामिल अंशु को हाथ में गोली लगा। एक राहगीर को भी गोली लगा।जहां तक मोबाइल भी चकनाचूर हो गया। वहीं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने कहा कि एक पक्ष से आवेदन मिला है।जांच पड़ताल जारी है।

# भाजयुमो की संगठनात्मक बैठक संपन्न, पूर्व छात्र नेता विक्की यादव ने थामा भाजपा का दामन



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) नालंदा की संगठनात्मक बैठक रविवार को मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने की। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी तथा मंडल स्तर पर युवा मोर्चा को अधिक सक्रिय करने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उपस्थित रहे। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल एवं जिला मंत्री सह युवा मोर्चा जिला प्रभारी प्रवीण सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती के लिए बूथ एवं मंडल स्तर तक युवाओं को जोड़ने पर बल दिया। बैठक के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। युवाओं में भाजपा की नीतियों के प्रति लगातार विश्वास बढ़ रहा है।इसी दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व छात्र नेता विक्की यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेताओं ने उन्हें पार्टी का अंगवस्त्र एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। नेताओं ने विश्वास जताया कि विक्की यादव के भाजपा में शामिल होने से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा युवाओं के बीच पार्टी का जनाधार और बढ़ेगा। बैठक में युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राजवीर राजपूत, राजू कुमार, महामंत्री ललन कुमार, आईटी सेल के राहुल कुमार सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जैन श्वेताम्बर कोठी में आचार्य श्री चंदना जी महाराज को दी गई श्रद्धांजलि
## आचार्य श्री चंदना जी का तपस्वी जीवन देता रहेगा मानवसेवा की प्रेरणा

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता,राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** जैन श्वेताम्बर कोठी राजगीर में रविवार को वीरायतन की संस्थापिका पद्मश्री आचार्य चंदना जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वक्ताओं ने कहा कि आचार्य चंदना जी महाराज ने समाज सेवा, शिक्षा और मानवता से राजगीर को वैश्विक आध्यात्मिक पहचान दिलाने का काम किया। उनका त्याग, करुणा और तपस्वी जीवन सदैव समाज को मानवसेवा की प्रेरणा देता रहेगा। वीरायतन की साध्वी साधनाजी महाराज ने कहा कि आचार्य चंदना जी महाराज ने समाज के हित के लिए काम किया है, जिसे कभी भूला नहीं जा सकता है। जैन श्वेताम्बर कोठी संस्था के अध्यक्ष शशिकांत नवलखा, संस्था के मंत्री रंजन कुमार जैन, ट्रस्टी राजकुमार जैन, ट्रस्टी रणवीर कुमार जैन, ट्रस्टी प्रमोद दुगड़, भरत भाई मेहता, प्रतीक जैन, अभिषेक जैन, नितीन जैन, भावेश रजनीक. ांत सेठ, डौली जैन, अर्चना जैन, मानसी जैन, मृदुला बेन, विभा जैन, ईशा जैन, शिविन जैन, कंचन जैन, रूपा जैन, रितीका जैन, परी जैन, संस्था के सहायक प्रबंधक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, कैशियर संजीव कुमार जैन, सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. जयनन्दन पाण्डेय, जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष (व्यवसायिक प्रकोष्ठ) उपेंद्र कुमार विभ. ूति, सुधीर कुमार उपाध्याय, डॉ. गणेश शंकर पांडेय, उपेंद्र कुमार, सुधीर कुमार मालाकार, गिरजानंदन पाण्डेय, संजय गुप्ता, गौरव पाण्डेय, टुन्नु पुजारी सहित अन्य ने श्रद्धांजलि दी।

# जय महामंसा टूर्नामेंट के पहले मैच में दोगी रहा विजयी
## खेल में भी है असीम संभावनाएं – अरुण कुमार चंचूल



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मेयार पंचायत के बढौना में रविवार को जय महामंसा क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गये पहले क्रिकेट मैच में दोगी ने लोहार बिगहा को हराया। पहले खेलते हुए लोहार बिगहा ने 65 रन बनाया वहीं इसका पीछा करते हुए दोगी ने 66 रन बनाकर मैच जीत लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मेयार पैक्स अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार चंचूल ने किया। श्री चंचूल ने कहा कि खेल में भी असीम संभावनाएं हैं। गांवों में भी बेहतर खिलाड़ी हैं। बस उन्हें एक बेहतर मंच देने की जरूरत है। खेल को हमेशा ही खेल भावना से खेलें। क्रिकेट मैच भाईचारा का प्रतीक है। खेल से युवाओं में आगे बढ़ने की ललक जागती है। नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। वे एक टीम वर्क बनाकर काम करना सीख पाते हैं। इससे उन्हें जीवन में यह टीम वर्क काम आता है। उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं में भी काफी प्रतिभा होती है। अगर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण दिया जाय तो वे भी किसी से कम नहीं होंगे। सरकार भी खेलकूद को बढ़ावा देने का काम कर रही है। इसमें भी काफी रोजगार के अवसर है। इसके माध्यम से भी लोग अपनी मुकाम हासिल कर सकते हैं। राजगीर में में खेल विश्वविद्यालय भी खुल चुका है। वहां पर भी नामांकन शुरू हो गया है। इस मौके पर राजीव पांडेय, सिकन्दर राजवंशी, परदेशी पासवान, सचिन कुमार, बीरेन्द्र कुमार, अमित कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक बैठक की गई

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ के नाला रोड स्थित सामुदायिक भवन में सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक की गई,जिसमें विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता एवं नेता भाग लिए। बैठक में यूजीसी बिल 2026 को लागू किया जाए। समान शिक्षा प्रणाली लागू किया जाए। कॉलेजियम प्रणाली को न्यायिक प्रतिक्रिया में समाप्त किया जाए। यूपीएससी एवं बीपीएससी के तर्ज पर परीक्षा के द्वारा जजों की बहाली किया जाए। उच्च शिक्षा संस्थानों में भेद. भाव को दूर किया जाए। वायलेट पेपर से चुनाव कराया जाए। निजी स्कूलों कॉलेजों को सरकारी कारण किया जाए। इन मुद्दों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। इन मुद्दों को लेकर अगली बैठक 17/5/2026 को बिहारशरीफ के बारादरी स्थित रॉयल होटल में बैठक की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता एवं किसान नेता चंद्रशेखर प्रसाद ने की। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत के फिलहाल पांच राज्यों में चुनाव आयोग ने ईवीएम मशीन द्वारा कराया। ईवीएम मशीन द्वारा चुनाव कराना निष्पक्षता में भ्रम पैदा करता है। इसीलिए वायलेट पेपर से चुनाव कराया जाए। जिस उन्नत देश ने ईवीएम मशीन का आविष्कार किया उस विकासशील देशों में वयलेट पेपर से चुनाव कराया जाता है।ार्म,नस्ल,जाति, लिंग,जन्म– स्थान या दिव्यांगता केआधार पर विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं अनसूचित जनजाति, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गो, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों दिव्यांगजनों अथवा इन में से किसी के भी सदस्यों के विरोध भेदभाव का उन्मूलन करना तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में हितधारकों के मध्य पूर्ण समता एवं समावेशन को संवर्धन देता है। भारत में कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में भेदभाव रोकने के लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन या यूजीसी ने 13 जनवरी 2026 को नए नियम जारी किए। यह नियम इसी विषय पर 2012 में लागू किए गए नियमों की जगह जारी किए गए हैं।बैठक में अतिपिछड़ा/दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान अर्जक संघ के जिला संयोजक कमलेश कुमार कमल फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव महेंद्र प्रसाद अधिवक्ता कल्याण कुमार आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला सचिव शाहनवाज आम जनता पार्टी श्इंडियाश के राष्ट्रीय सचिव रंजीत कुमार सम्राट प्रोफेसर शिव कुमार प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

# एनसीसी कैंप से अनुशासन और राष्ट्र सेवा का संकल्प लेकर लौटे कैडेट्स
## कैडेटों को बनाना है भविष्य का अनुशासित नागरिक – कर्नल राजेश बाहरी



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राष्ट्र के प्रति हमेशा समर्पित रहें। अनुशासन बहुत जरूरी है। कैडेटों को भविष्य का अनुशासित नागरिक बनना है। ये बातें 30 बिहार बटालियन एनसीसी के कैम्प कमांडेंट सह कमान अधिकारी कर्नल राजेश बाहरी ने रविवार को महाबोधि महाविद्यालय में चल रहे 30 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित नौ दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) के समापन में कहीं। कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करना है। यहां सीखी गई ड्रिल, फायरिंग और अनुशासन की बातें न केवल एनसीसी की परीक्षाओं में काम आएंगी, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर कैडेट्स को सफल बनाएंगी। सोमवार को सभी कैडेट्स को कैंप सर्टिफिकेट प्रदान कर उन्हें घर के लिए रवाना किया जाएगा। कैंप के अंतिम चरण में पीआई स्टाफ के देखरेख में ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कैडेट्स के टर्नआउट, कमांड पालन और प्रस्तुति क्षमता को परखते हुए श्बेस्ट कैडेटश का चयन किया गया। ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार मदन सिंह मेहता के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें सेना, एनसीसी और सामान्य ज्ञान पर आधारित सवालों का कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। तकनीकी सत्र के दौरान सूबेदार विशाल पांडेय ने कैडेट्स को श्इंटरनेट का सुरक्षित उपयोगश विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आगाह किया कि डिजिटल युग में साइबर अपराधी सक्रिय हैं। उन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग, ओटीपी साझा न करने और संदिग्ध लिंक से दूर रहने की सलाह देते हुए कैडेट्स को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान बटालियन के पीआई स्टाफ, जेसीओ और विभिन्न कॉलेजों के एनसीसी अधिकारी मौजूद रहे।




